
तापमान

| | | |
|---|---|---|
| भोपाल | 28.0° | 23.5° |
| इंदौर | 29.8° | 24.0° |
| जबलपुर | 30.2° | 24.4° |
| ग्वालियर | 28.2° | 25.6° |

दैनिक
# नईदुनिया

भोपाल एवं सागर से एकसाथ प्रकाशित

वर्ष- 78
(भोपाल : वर्ष 39 अंक 219,पृष्ठ 12)
रविवार 7 जुलाई 2024
राजधानी संस्करण
कीमतः 3:00 रुपये


**राजधानी...** युगदृष्टा डॉ मुखर्जी का देश रहेगा सदा आभारी...

**खेल...** सन्यास के बाद कमेंट्री और कोचिंग करेंगे एडरसन...

**व्यापार...** भारत में निवेश न करने के फैसले से नुकसान में रहेगा...

**देश-विदेश...** जो बाइडन की उम्मीदवारी पर संकट, कमला...

www.naiduniaonline.com

*असम में बाढ़ की स्थिति गंभीर,30 जिलों में...*

# 24.5 लाख लोग प्रभावित



**गुवाहाटी (एजेंसी)। असम में बारिश और बाढ़ की मार जारी है। असम में लगातार तेज बारिश आ रही है, जिससे कई इलाकों में बाढ़ की स्थिति बन गई है। बाढ़ आने से लोगों को काफी परेशानी होने लगी है। बाढ़ का पानी काफी धीरे धीरे कम हो रहा है मगर अब भी बाढ़ की स्थिति में किसी तरह का सुधार देखने को नहीं मिला है।**

असम में आई बाढ़ के संबंध में कहा गया है कि बाढ़ की स्थिति शनिवार को भी गंभीर रूप से बनी हुई है। असम में 30 जिलों में 24.5 लाख से अधिक लोग बाढ़ से जूझ रहे हैं और कई स्थानों पर प्रमुख नदियां खतरे के निशान से ऊपर बह रही हैं। इस वर्ष बाढ़ में 52 लोगों की मृत्यु हुई तथा भूस्खलन और तूफान के कारण 12 अन्य लोगों की जान चली गई। मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने गंभीर रूप से प्रभावित डिब्रूगढ़ जिले से लौटने के बाद अधिकारियों के साथ बैठक की और राज्य में बाढ़ की स्थिति की समीक्षा की।

मुख्यमंत्री ने कहा, डिब्रूगढ़ के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा करने के बाद हमने असम आरोग्य निधि-स्वास्थ्य वित्तीय सहायता योजना सहित कई मामलों की समीक्षा की। स्वच्छ पेयजल की आपूर्ति के बारे में उन्होंने कहा कि बाढ़ से राज्य भर में काफी नुकसान हुआ है, लेकिन जल जीवन मिशन योजना इन कठिन समय में उम्मीद की किरण बनकर सामने आई है। उन्होंने कहा, परिवर्तनकारी जल आपूर्ति परियोजना इन कठिन समय में स्वच्छ पेयजल की आपूर्ति कर रही है। उन्होंने कहा कि परिवर्तनकारी जल आपूर्ति परियोजना इन कठिन समय में स्वच्छ पेयजल की आपूर्ति कर रही है। बाढ़ से प्रभावित जिलों में कछार, कामरूप, हैलाकांडी, होजाई, धुबरी, नागांव, मोरीगांव, गोलपारा, बारपेटा, डिब्रूगढ़, नलबाड़ी, धेमाजी, बोंगाईगांव, लखीमपुर, जोरहाट, सोनितपुर, कोकराझार, करीमगंज, दक्षिण सलमारा, दरांग और तिनसुकिया शामिल हैं। असम राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एएसडीएमए) के बुलेटिन के अनुसार, इस वर्ष बाढ़, भूस्खलन और तूफान से 64 लोगों की मौत हुई है। इसमें कहा गया है कि धुबरी की आबादी 7,75,721, दारंग की आबादी 1,86,108, कछार की आबादी 1,75,231, बारपेटा की आबादी 1,39,399 और मोरीगांव की आबादी 1,46,045 सबसे ज्यादा प्रभावित जिलों में शामिल हैं। कुल मिलाकर 47,103 प्रभावित लोगों ने 612 शिविरों में शरण ली है, जबकि गैर-राहत शिविरों में 4,18,614 लोगों को राहत सामग्री प्रदान की गई है। कामरूप (महानगर), कामरूप और डिब्रूगढ़ जिलों के शहरी इलाकों में भी बाढ़ की खबर है। कैबिनेट मंत्री भी बाढ़ प्रभावित विभिन्न जिलों में डेरा डाले हुए हैं। सरमा ने कहा कि वह और उनकी पूरी (शेष पेज 2 पर)

## हिमाचल में भारी पानी के कारण 150 रोड़ हुई ब्लॉक

**शिमला(एजेंसी)।** हिमाचल प्रदेश में शनिवार को भारी बारिश के कारण जन जीवन अस्त व्यस्त हो गया है। भूस्खलन और बाढ़ के कारण राज्य में 150 से अधिक सड़कें अवरुद्ध हो गई है। मंडी जिले में बारिश का सबसे अधिक असर देखने को मिला है। मंडी जिले में सबसे अधिक 111 सड़कें बंद हैं, जबकि चंबा में नौ, शिमला में आठ और सिरमौर जिले में 13 सड़कें बंद हैं। वहीं 151 किलोमीटर लंबा राष्ट्रीय राजमार्ग 707 (एनएच-707) जो हाटकोटी को पोंटा साहिब से जोड़ता है और रास्ते में उत्तराखंड में प्रवेश करता है, भी अवरुद्ध हो गया। सतौन, कमरौ, कफोटा, चरेऊ, षिल्लै, श्री क्यारी, और रोहणात जिले में हाईवे भी अवरुद्ध हो गया है। लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) के अधिकारियों ने कहा कि यातायात को जल्द से जल्द बहाल करने के प्रयास जारी हैं। मूसलाधार बारिश से राज्य में सुविधाएं प्रभावित हुईं और 334 बिजली लाइनों और 55 जल योजनाओं से आपूर्ति बाधित हुई। बारिश के कारण राज्य के ऊंचे इलाकों में पारा (शेष पेज 2 पर)




# भारतीय संस्कृति में एक वृक्ष का महत्व दस पुत्रों के समान : डॉ. यादव

### मुख्यमंत्री ने एक पेड़ माँ के नाम-वृहद पौध-रोपण अभियान का किया शुभारंभ

**भोपाल( काप्र )। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि भारतीय संस्कृति में एक वृक्ष का महत्व दस पुत्रों के समान माना गया है। वनस्पति के साथ-साथ नदी, पहाड़ आदि को जीवंत मानना हमारी संवदेनशील सांस्कृतिक परम्परा का प्रतीक है।**

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के आव्हान पर पूरे देश में संचालित एक पेड़ माँ के नाम अभियान में सरकार ने भी प्रदेश में वृहद पौध-रोपण का संकल्प लिया है। इस क्रम में प्रदेश में पाँच करोड़ 50 लाख पौधे लगाने का लक्ष्य है। इंदौर में 51 लाख, भोपाल और जबलपुर जिले में 12-12 लाख पौधे लगाए जाएंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव जंबूरी मैदान पर आयोजित एक पेड़ मां के नाम-वृहद पौध-रोपण कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। डॉ. यादव नेदीप प्रज्वलित कर एवं अपनी माताजी स्व. श्रीमती लीला बाई यादव की स्मृति में पौधा लगाकर अभियान का शुभारंभ किया। उन्होंने जंबूरी मैदान में आँवले का पौधा लगाया। इससे पहले उन्होंने विद्यार्थियों द्वारा पर्यावरण संरक्षण के लिए जागरूकता पर बनाए गए चित्रों का अवलोकन भी किया। मुख्यमंत्री ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती पर उनका स्मरण करते हुए कहा कि अंग्रेजों के बंग-भंग के षड़यंत्र और कश्मीर की समस्या का पूर्वानुमान लगाकर देश को सचेत करने में डॉ. मुखर्जी की महत्वपूर्ण भूमिका रही। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने पौध-रोपण अभियान में विद्यार्थियों, स्वयंसेवी संस्थाओं, एनसीसी, एनएसएस द्वारा सक्रिय रूप से भाग लेने की सराहना करते हुए कहा कि सम्पूर्ण प्रदेश में पौध-रोपण के लिए लोग उत्साहित हैं और वे स्वयं पौधरोपण के लिए आगे आ रहे हैं। महापौर श्रीमती मालती राय ने बताया कि भोपाल नगर निगम ने वृहद पौध-रोपण अभियान के अंतर्गत एक लाख 20 हजार पौधे लगाने का संकल्प लिया है। आज के अभियान (शेष पेज 2 पर)

**खास-खबरें**

## नीट यूजी काउंसिलिंग अगले आदेश तक स्थगित

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** मेडिकल कॉउंसिल कमेटी की ओर से नीट यूजी के लिए काउंसिलिंग प्रक्रिया आज शुरू होने वाली थी जिसे अब स्थगित कर दिया गया है। काउंसलिंग सत्र छह जुलाई से शुरू होने की उम्मीद थी, हालांकि मेडिकल काउंसलिंग कमेटी ने इसके लिए कोई विस्तृत अधिसूचना और कार्यक्रम साझा नहीं किया था। सूत्रों ने कहा कि कुछ मेडिकल कॉलेज को अनुमति पत्र जारी करने की प्रक्रिया अभी जारी है और नयी सीट जोड़ी जाएंगी। एक आधिकारिक सूत्र कहा कि यह प्रक्रिया पूरी हो जाने के बाद काउंसलिंग की तिथि घोषित की जाएगी, ताकि नये कॉलेजों की सीट पर पहले चरण में ही प्रवेश सुनिश्चित किया जा सके। विवादों में घिरी नीट-यूजी परीक्षा को रद्द करने की बढ़ती मांग के बीच, केंद्र और एनटीए ने शुक्रवार को उच्चतम न्यायालय में कहा था कि गोपनीयता भंग होने के किसी साक्ष्य के बिना इसे रद्द करने का बेहद प्रतिकूल (शेष पेज 2 पर)

## संसद का बजट सत्र 22 जुलाई से 12 अगस्त तकः रिजिजू

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** संसद का बजट सत्र 22 जुलाई से शुरू होगा जो 12 अगस्त तक चलेगा। संसदीय कार्य मंत्री किरन रिजिजू ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि राष्ट्रपति ने बजट सत्र के लिये दोनों सदनों की बैठकें 22 जुलाई से 12 अगस्त तक बुलाने के सरकार के प्रस्ताव को स्वीकृति दे दी है। श्री रिजिजू ने कहा कि वर्ष 2024-25 का बजट 23 जुलाई को पेश किया जायेगा।

## मोदी ने ब्रिटेन के नए प्रधानमंत्री स्टार्मर से फोन पर बातचीत की, बधाई दी

**नई दिल्ली (एजेंसी)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को ब्रिटेन की लेबर पार्टी के नेता कीर स्टार्मर को प्रधानमंत्री चुने जाने पर फोन कर के बधाई दी तथा बातचीत में दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय व्यापक रणनीतिक भागीदारी को और विस्तार देने के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहरायी।**



श्री मोदी ने श्री स्टार्मर को शीघ्र भारत की यात्रा पर आने का निमंत्रण दिया है तथा दोनों नेता आपस में बराबर सम्पर्क बनाए रखने पर सहमत हुए हैं। यहां प्रधानमंत्री कार्यालय ने एक विज्ञप्ति में कहा कि श्री मोदी ने प्रधानमंत्री श्री स्टार्मर से फोन पर बातचीत की और उन्हें प्रधानमंत्री पद संभालने और ब्रिटेन के चुनाव में उनकी पार्टी की भारी जीत की शुभकामनाएं दीं। विज्ञप्ति में कहा गया है कि दोनों नेताओं ने बातचीत में भारत और ब्रिटेन केऐतिहासिक संबंधों का उल्लेख किया और पारस्परिक व्यापक रणनीतिक भागीदारी को और विस्तार देने के लिए अपनी प्रतिबद्धताओं को दोहराया।

## बिहार में बिजली की चपेट में आने से नौ लोगों की मौत

**पटना (एजेंसी)।** बिहार में पिछले 24 घंटों के दौरान छह जिलों में वज्रपात की चपेट में आकर नौ लोगों की मौत हो गई। मुख्यमंत्री कार्यालय ने यह जानकारी दी। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने इन लोगों की मौत पर शोक व्यक्त किया और प्रत्येक मृतक के परिवारों को चार-चार लाख रुपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की। कुमार ने राज्य के लोगों से सतर्कता बरतने तथा घर के अंदर रहने की अपील की। मुख्यमंत्री कार्यालय (सीएमओ) द्वारा शनिवार को जारी एक बयान के अनुसार, जहानाबाद में तीन, मधेपुरा में दो, पूर्वी चंपारण, रोहतास, सारण और सुपौल में एक-एक लोगों की वज्रपात की चपेट में आकर मौत हुई।

**चिदंबरम के पार्ट टाइमर वाले बयान भड़के उपराष्ट्रपति**

# कहा- यह माफी योग्य नही

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** तीन नए आपराधिक कानूनों पर पी चिदंबरम की तीखी टिप्पणियों पर आपत्ति जताते हुए उपराष्ट्रपति और राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने शनिवार को पूर्व केंद्रीय मंत्री के बयान को अक्षम्य करार दिया और मांग की कि पूर्व केंद्रीय मंत्री को अपना अपमानजनक और बदनाम करने वाला बयान वापस लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि जब सुबह मैंने एक प्रमुख राष्ट्रीय दैनिक को दिए गए चिदम्बरम के साक्षात्कार को पढ़ा तो मैं शब्दों से परे चौंक गया, जिसमें उन्होंने कहा कि नए कानूनों का मसौदा अंशकालिक लोगों द्वारा तैयार किया गया था। क्या हम संसद में पार्ट टाइमर हैं? संसद के विवेक का अक्षम्य अपमान हैं। मैं शब्दों से परे स्तब्ध हूं। कृपया उन दिमागों से सावधान रहें जो जानबूझकर एक रणनीति के रूप में, कथा के माध्यम से, हमारे देश को नीचा दिखाने, हमारी संस्था को नीचा दिखाने, हमारी प्रगति को धूमिल करने की (शेष पेज 2 पर)



## मोदी के नेतृत्व में देश आगे बढ़ता रहेगाः बिरला

**कोटा (एजेंसी)। लोकसभा स्पीकर ओम बिरला शनिवार को अपने संसदीय क्षेत्र कोटा पहुंचे, जहां उनका जोरदार स्वागत किया गया। यहां उन्होंने अपने समर्थकों और पार्टी कार्यकर्ताओं से विशेष संवाद स्थापित किया।**



दोबारा से लोकसभा स्पीकर बनने के बाद ओम बिरला पहली बार अपने संसदीय क्षेत्र कोटा-बूंदी पहुंचे। वो यहां तीन दिवसीय दौरे पर आए हैं। वो सबसे पहले हिंडोली पहुंचे, जहां उनका भव्य स्वागत किया गया। इस बीच, उन्होंने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि देश आगे बढ़ता रहेगा, क्योंकि पीएम मोदी ने तीसरी बार सरकार बनाई है। हम कोशिश करेंगे कि राज्य और केंद्र सरकार मिलकर काम करती रहे। मुझे खुशी है कि निजी और सार्वजनिक दोनों क्षेत्रों में निवेश हो रहा है। भारत की बात करें तो पीएम मोदी के इस तीसरे कार्यकाल में मुझे लगता है कि देश नई उपलब्धियां स्थापित करेगा। उन्होंने आगे कहा कि लोकसभा लोकतंत्र का मंदिर है, लोगों की आस्था का केंद्र है। हम संसद को देर रात तक चलाने की कोशिश करते हैं। हमारा माननाहै कि जिन लोगों को वहां बैठने के लिए वोट दिया जाता है, उनमें अपने क्षेत्र के लिए और हर किसी के विचारों को शामिल करने की आकांक्षाएं होती हैं, ताकि हम सामूहिक रूप से आगे बढ़ सकें।

## सहकार से समृद्धि के संकल्प से लाखों लोगों के जीवन में आया बदलावः शाह

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** केन्द्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह ने शनिवार को अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता दिवस के अवसर पर कहा कि सहकारिता मंत्रालय सहकार से समृद्धि के संकल्प के साथ करोड़ों सहकारी बहनों-भाइयों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाने में सफल रहा है। श्री शाह ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने तीन वर्ष पहले आज के ही दिन सहकारिता क्षेत्र को मजबूत बनाने के लिए इस मंत्रालय की स्थापना की थी।



# अयोध्या की तरह गुजरात में भी भाजपा को हराएगी कांग्रेसः राहुल

**अहमदाबाद (एजेंसी)। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी ने शनिवार को यहां कहा कि उनकी पार्टी आगामी चुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को उसी तरह हराएगी, जैसे उसने हालिया लोकसभा चुनाव में अयोध्या में उसे हराया।**



लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष गांधी ने अहमदाबाद में पार्टी कार्यकर्ताओं के सम्मेलन को संबोधित करते हुए यह टिप्पणी की। गांधी ने कहा कि उन्होंने (भाजपा ने) हमें धमकाकर और हमारे कार्यालय को नुकसान पहुंचाकर हमें चुनौती दी है। मैं आपको बताना चाहता हूं कि हम सब मिलकर उनकी सरकार को उसी तरह तोड़ देंगे जैसे उन्होंने हमारे कार्यालय को नुकसान पहुंचाया है। यह लिखकर ले लीजिए कि कांग्रेस गुजरात में चुनाव लड़ेगी और नरेन्द्र मोदी एवं भाजपा को गुजरात में हराएगी, जैसा हमने अयोध्या में किया था। उन्होंने कहा कि कांग्रेस गुजरात में जीतेगी और इस राज्य से वह एक नयी (शेष पेज 2 पर)

## विभव कुमार की कोर्ट ने 16 जुलाई तक बढ़ाई कस्टडी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली की तीस हजारी अदालत ने राज्यसभा सदस्य स्वाति मालीवाल से जुड़े कथित मारपीट मामले में शनिवार को दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के सहयोगी बिभव कुमार की न्यायिक हिरासत 16 जुलाई तक बढ़ा दी। कुमार पर 13 मई को मुख्यमंत्री के आधिकारिक आवास पर आम आदमी पार्टी (आप) की राज्यसभा सदस्य स्वाति मालीवाल से मारपीट करने का आरोप है। इससे पहले कुमार को 'वीडियो कॉन्फ्रेंस' के जरिए मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट गौरव गोयल के समक्ष पेश किया गया था जिन्होंने उनकी न्यायिक हिरासत छह जुलाई तक बढ़ा दी थी। पुलिस ने कुमार को 18 मई को गिरफ्तार किया गया था।



**स्पेशल खबर** *बायजू मामला : कर्नाटक उच्च न्यायालय का एनसीएलटी के...*

# फैसले तक कोई बदलाव नहीं करने का आदेश

**बेंगलुरु (एजेंसी)। कर्नाटक उच्च न्यायालय ने बायजू को वर्तमान स्थिति बनाए रखने का निर्देश दिया है। जबकि राष्ट्रीय कंपनी कानून न्यायाधिकरण (एनसीएलटी) इस बात पर पुनर्विचार कर रहा है कि क्या कंपनी को और शेयर जारी करने की अनुमति दी जानी चाहिए। यह निर्देश कई निवेशकों द्वारा बायजू पर अनुचित व्यवहार और कुप्रबंधन का आरोप लगाने के बाद आया है।**

शुरुआत में एनसीएलटी ने निवेशकों की शिकायतों के बाद 12 जून को अतिरिक्त शेयर जारी करने की बायजू की योजना को अस्थायी रूप से रोक दिया था। हालाँकि 2 जुलाई को कर्नाटक उच्च न्यायालय के एकल न्यायाधीश ने यह कहते हुए इस रोक को पलट दिया कि एनसीएलटी के फैसले में उचित तर्क का अभाव है। न्यायाधीश ने मामले को दो सप्ताह के भीतर नए सिरे से समीक्षा के लिए एनसीएलटी में वापस भेज दिया, लेकिन इस बीच बायजू को शेयर मुद्दे पर आगे बढ़ने से नहीं रोका। इस फैसले से नाखुश निवेशकों ने अपील की। परिणामस्वरूप उच्च न्यायालय की डिवीजन बेंच ने आदेश दिया कि जब तक एनसीएलटी अंतिम निर्णय पर नहीं पहुंच जाता, तब तक कोई बदलाव नहीं होना चाहिए। अदालत ने आगे कहा कि 2 जुलाई के आदेश के बाद जारी किए गए कोई भी शेयर एनसीएलटी के अंतिम निर्णय के अधीन होंगे, जो 31 जुलाई तक आने की उम्मीद है।

अदालत ने इस बात पर जोर दिया कि वह किसी का पक्ष नहीं ले रही है और एनसीएलटी को स्वतंत्र रूप से मामले की समीक्षा करनी चाहिए। बायजू और निवेशक दोनों अभी यथास्थिति बनाए रखने पर सहमत हुए हैं, जिसका अर्थ है कि जब तक एनसीएलटी अपनी समीक्षा समाप्त नहीं कर लेता, तब तक शेयर मुद्दे के संबंध में कोई और कार्रवाई नहीं की जाएगी।

## अभी जेल में ही रहेंगे सिसोदिया, 15 जुलाई तक बढ़ी न्यायिक हिरासत

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली की अदालत ने शनिवार को उत्पाद शुल्क नीति घोटाले के सिलसिले में सीबीआई मामले में दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया की न्यायिक हिरासत 15 जुलाई तक बढ़ा दी। विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा ने वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से न्यायिक हिरासत की अवधि बढ़ा दी क्योंकि पहले दी गई हिरासत की अवधि समाप्त हो चुकी थी। रिपोर्ट के मुताबिक, पूर्व उपमुख्यमंत्री और आप नेता को आज राउज एवेन्यू कोर्ट में पेश किया गया। 3 जुलाई को दिल्ली की राउज कोर्ट ने प्रवर्तन निदेशालय को आरोपी लोगों को दो दिनों के भीतर पूरक आरोपपत्र और दस्तावेजों की प्रतियां प्रदान करने का निर्देश दिया था।

